# यूरोप का शिमको ग्रुप यूपी में करेगा 830 करोड़ का निवेश

लखनऊ। ट्रेड शो में शनिवार को यूरोप के बड़े औद्योगिक समूह शिमको ग्रुप के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी से मुलाकात कर प्रदेश में 830 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव रखा। नंदी ने राज्य सरकार की ओर से सिमको ग्रुप के प्रतिनिधिमंडल को निवेश के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया।



शिमको ग्रुप भारत में 100 मिलियन डॉलर के अनुमानित निवेश के साथ एक विनिर्माण सुविधा स्थापित करना चाहता है। कंपनी ने प्रदेश में कृत्रिम फेफड़े के वेंटिलेशन उपकरणों, एनेस्थीसिया और श्वसन प्रणालियों के उत्पादन, कैंसर की एंटी बॉडी का विकास और उत्पादन एवं कैंडी-चॉकलेट के उत्पादन के लिए 830 करोड़ का निवेश प्रस्ताव दिया है। प्रतिनिधिमंडल में शिमको ग्रुप की सीईओ आंद्रेई इलिन, निदेशक अंतरराष्ट्रीय व्यापार इरिना पिंगोरिना और निदेशक मैकसिम शेवेलेव शामिल थे। ब्यूरो